# अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 10 अप्रैल 2025


**PAGE NO : 04 BOTTOM**

# बासुबरल व मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल बने विजेता

## श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स का शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स का बुधवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिन बासुबरल सरस्वती विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने पीएम श्री केवी एनईआर को व मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल ने जीडी गोयनका की टीम को हराया।

दिन के पहले मुकाबले में बासुबरल के कप्तान शिव प्रताप ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। मैदान में उतरे खिलाड़ियों ने शुरूआत से ही तेज खेलने का प्रयास किया, लेकिन केवी एनईआर के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सके। पूरी टीम 12.4 ओवर में 54 रन पर ही सिमट गई। इनमें 10 रन अतिरिक्त के शामिल रहे केवी एनईआर के लिए आयुष गंगवार ने 13 रन देकर छह विकेट हासिल किए।



श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में मुकुंद इंटरनेशनल के फैजान रजा को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। स्रोत : एसआरएमएस

लक्ष्य का पीछा करने उतरी केवी एनईआर की पूरी टीम सात ओवर में 17 रन ही बना सकी। टीम को सात रन अतिरिक्त के रूप में मिले। बासुबरल टीम के कप्तान शिव प्रताप ने चार ओवर में 13 रन देकर चार विकेट व विक्की धूसा ने तीन ओवर में चार रन देकर चार विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का खिताब विक्की को दिया गया।

दूसरे मैच में जीडी गोयनका के कप्तान फगुन शर्मा ने टॉस जीता और मुकुंद इंटरनेशनल को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। मैदान में उतरे कप्तान फैजान रजा ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 48 गेंदों में नौ चौकों के साथ 60 रन व प्रेम ने 30 गेंदों पर छह चौके लगाकर 42 रन बनाए। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। जीडी गोयनका की टीम ने 37 रन अतिरिक्त लुटाए।

जवाब में जीडी गोयनका की आधी टीम छह ओवरों में 34 रन पर ही पवेलियन लौट गई। निर्धारित 20 ओवरों में टीम आठ विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी और 62 रन से पराजित हो गई। इस मैच में मुकुंद इंटरनेशनल के कप्तान फैजान रजा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी व बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन बरेली के प्रेसिडेंट निर्भय बेनीवाल, सेक्रेटरी अंकित बग्गा, सीईटी के प्रिंसिपल व टूर्नामेंट के आर्गनाइजिंग प्रेसिडेंट डॉ. प्रभाकर गुप्ता, आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती, जीके मांटेसरी स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।